हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 सितंबर 2025




तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 तीज मिलन समारोह में हुईं विभिन्न स्पर्धाएं...





10 यातायात जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली...





B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि - 04/09/25

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

7000786116, 9300850065


## सियासत : भाजयुमो ने कहा- दोनों नेता को पीएम से मांगनी चाहिए माफी

# भाजयुमो ने कांग्रेस नेता राहुल एवं राजद नेता के पुतलों की निकाली शव यात्रा, बस स्टैंड में फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव का पुराने बस स्टैंड से मस्जिद तक शव यात्रा निकाली और बस स्टैंड में पुतला दहन किया। पुतलों को आग के हवाले करने के पहले पेट्रोल से नहलाया और फिर आग के हवाले किया। भाजयुमो नेता इस दौरान दोनो नेताओं के मुर्दाबाद के नारे भी लगाते रहे।

- पुतलों में पेट्रोल डालकर किया आग के हवाले, आग की लपटें उड़ने लगीं
- भाजयुमो ने दोनों नेता के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी दिवंगत माताश्री के खिलाफ बिहार में कांग्रेस नेता और राजद के नेताओं द्वारा अपशब्दों व अभद्र भाषा, गाली गलौच करने के विरोध में भाजपाईयो में आक्रोश देखने को मिला।



शव यात्रा एवं पुतला दहन के दौरान भाजपाईयों ने दोनो नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि बिहार में कांग्रेस नेता ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए तू-तड़ाक की भाषा का इस्तेमाल किया जो कि बिल्कुल भी स्वीकार्य नही है। ऐसा लगता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने नेता राहुल गांधी भाषा की मर्यादा जानते ही नही। सत्ता जाने के बाद से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। विपक्ष का काम है सत्ताधारी दल का विरोध करना न कि देश के प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते उनका अपमान करना। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रधानमंत्री नही है वे देश के 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री है, जिनमें राहुल गांधी भी आते है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माताश्री का अपमान बर्दास्त नही करेंगे। पहले तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ▶▶| शेष पेज 08 पर



### पीएम मोदी से दोनों नेता सार्वजनिक क्षमा मांगें

भाजयुमो के महामंत्री एवं नगर पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू का कहना है कि राहुल और तेजस्वी की सभा में प्रधानमंत्री एवं उनकी माँ को लेकर जो बयानबाजी हुई, उसके लिए दोनो नेताओं को पीएम से सार्वजनिक माफी माँगना चाहिए। दोनो नेताओं ने बिहार की धरा से पीएम से माफी नहीं माँगा, तो यह तय है कि बिहार की जानता दोनो नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी और इनका हश्र बहुत बुरा होगा। दिया बुझने के पहले जिस तरह से लपलपाता है, उसी तरह से इन दोनो नेताओं का हाल बना हुआ है। देर है अंधेर नहीं, बिहार की जनता दोनो को सबक सिखाकर रहेगी।



### विरोध प्रदर्शन में यह रहे उपस्थित

विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में सतीश लाटिया, टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र नाग, अंशु शुक्ला, संजय सिन्हा, डिगेश खापर्डे, पीयुष कश्यप, ओमप्रकाश साहू, गिरधर यादव, दीपक खटवानी, घनेन्द्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, विजय लक्ष्मी कौशिक, मंजू सारथी, जयप्रकाश गेडाम, जितेन्द्र मरकाम, पप्पू मोटवानी, नीलू तिवारी, बृजमोहन तिवारी, जतिन अठभैया, शैलेन्द्र शोरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खेल अनुशासन सिखाता है और सेहत बनाता है



**भानुप्रतापपुर।** ईएमआरएस फरसकोट में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़ और लंबी कूद जैसी स्पर्धाएं कराई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन जुर्री द्वारा किया और उन्होने कहा कि शारीरिक गतिविधि केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और अनुशासन का भी आधार है। पीईटी शिक्षिका श्रेया त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को खेलों से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी।

### कोचिए के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत चोरिया निवासी चंद्रशेखर कोर्राम के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंद्रशेखर कोर्राम 31 अगस्त को अपने कब्जे में 21 पौवा जिप्सी व्हिस्की शराब को अवैध रूप से रखा हुआ था और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर छापामार कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा गया व उसे के कब्जे से शराब को जप्त कर धारा 34 (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवचेना में लिया गया।

### अलबेलापारा में कल डीजे डांस प्रतियोगिता

**कांकेर।** एक दिवसीय रात्रिकालिन राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 3 सितंबर श्रीश्री विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति सांस्कृतिक भवन अलबेलापारा कांकेर के द्वारा रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल व एकल नृत्य में प्रथम, द्वितिय व त्रितिय आने वाले प्रतिभागी को अलग अलग पुरूष्कार से सम्मानित किया जाएगा।


### मालगांव में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम मालगांव में 2 सितंबर दिन मंगलवार को नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनीन पर्व के पावन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पंडवानी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोककला पंडवानी का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। मालगांव में हर वर्ष नवाखाई पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार विशेषता यह है कि ठाकुर जोहारनीन पर्व के साथ इसका संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। पर्व की शुरुआत सुबह से ही पूजा-अर्चना और देवता को नवा अन्न अर्पित कर किया जाएगा।

## खडे ट्रक से टकराया वाहन, हेल्पर की मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ग्राम जैसाकर्रा के पास पहले से सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त खड़ी हुई ट्रक को अन्य वाहन के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया। टक्कर से वाहन में बैठे हेल्पर की मौत हो गई। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे तामिलनाडु के विल्लुपुरम जिला के ग्राम कन्डमपाकम विनायगर कोईल स्ट्रीट निवासी 40 वर्षीय प्रेमानंद एस पिता शन्मुगम ने पुलिस को बताया कि मेरा स्वयं का वाहन ट्रक क्रमांक टीएन 52 जे 6519 है, जिसका मैं चालक हूं और 23 अगस्त को ग्राम जैसाकर्रा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में रात लगभग 11 बजकर 55 मिनट पर अचानक मेरे वाहन के सामने दो गाय दौड़ते हुए आए। गाय को बचाने के चक्कर में रोड किनारे खडी वाहन में टकरा गया था, जिससे मेरा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रक चलने योग्य न होने से ट्रक में लोड माल को दूसरी ट्रक मंगवाकर अनलोड कराकर रोड किनारे एण्डिकेटर जलाकर, संकेत चिन्ह लगाकर खड़ी करके रखा था। पुलिस के द्वारा भी कोन स्टापर का संकेत चिन्ह लगाया गया था। वाहन को गैरेज ले जाने के लिए क्रेन बुलवाया गया था और क्रेन का इंतजार कर रहा था, तभी 27 अगस्त की सुबह लगभग 5 बजें कांकेर की ओर से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 9488 का चालक वाहन को तेज गति एवं लापरवाही चलाते लाकर रोड किनारे खड़ी मेरे वाहन के पीछे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके वाहन में बैठा हेल्पर नोहर साहू को गंभीर चोट लगा और उसका मौत हो गया। चालक को भी चोट लगा है। वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 9488 के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने से मेरा वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 9488 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



- क्षतिग्रस्त ट्रक जैसाकर्रा के पास खड़ा था, वहीं हुआ हादसा

## शराब पीने से मना करने पर पत्नी की पिटाई, पति पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम बांगाबारी में पति द्वारा मामूली बात को लेकर पत्नि से विवाद करता रहता है। पत्नी के द्वारा शराब पीने से मना करने पर उसकी बात नही मानता और मारपीट करने पर ऊतारू हो जाता है। पत्नि ने पुलिस को बताया कि पति का अन्य महिला के साथ भी संबंध है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंची ग्राम बांगाबारी नयापारा निवासी पावती नेताम ने पुलिस को बताया कि गृहणी व खेती किसानी का काम करती हूं। वर्ष 2020 में मेरी शादी ग्राम बांगाबारी निवासी बिसरूराम नेताम के साथ सामाजिक रीति-रीवाज के साथ हुआ था, हमारी एक लड़की है। मेरा पति गाड़ी ड्रायवरी का काम करता है। मेरा पति विसर राम शराब पीकर हमेशा मेरे साथ मारपीट करता है, समझाने के बाद भी नहीं सुधर रहा है। रोज घर में वाद-विवाद लडाई झगड़ा करते रहता है। मेरे पति से मैं काफी परेशान हूं। मेरा पति का किसी अन्य महिला के साथ संबंध होने का शक है। जब मै 30 अगस्त को शाम करीबन 5 बजें खेत से काम करके घर आई तो मेरे पति बोले कि खाना मत बनाना। मैने कहा बनाए हुए खाना पसंद नहीं है और मुझे अपने साथ रखना नहीं चाहते हो तो जैसे लाए हो वैसे मेरे माता-पिता के घर छोड़ दो कहने पर मेरे पति मुझे घर से बाहर बाड़ी में निकाल कर मारपीट करना शुरू कर दिया और मुझे जान से मारने की धमकी देकर गला को दबा दिया था और हाथ में पहने चुड़े से मेरे नाक को मारा, जिससे मेरे नाक और सिर से खून निकलने लगा। उसके बाद अचेत हो गई तो मुझे वहीं पर छोड़कर चला गया। कुछ देर बाद होश आने पर मोबाईल से मैने अपने भाई को घटना के बारे में बताई। मेरा भाई आया और मुझे बासनवाही अस्पताल इलाज के लिए लेकर गया। पत्नि की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति बिसरूराम नेताम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



## टेढ़ाईकोदल के बीपीएल हितग्राहियों को तीन माह का चावल नहीं मिला, लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने जून माह में बरसात के मौसम को देखते हुए बीपीएल राशन कार्डधारियों को एक साथ तीन महीने का चावल देने का निर्णय लिया था। सरकार का उद्देश्य था कि गरीब परिवारों को बार-बार उचित मूल्य दुकान पर न जाना पड़े, लेकिन भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम टेढ़ाईकोदल के ग्रामीण इस योजना का लाभ आज तक नहीं मिल पाया है और ग्रामीण परेशान हो रहे है।

- सरकार ने जून में 3 महीने का चावल देने का लिया था फैसला
- एसडीएम से की फरियाद पर कार्रवाई नहीं हुई

विकासखंड भानुप्रतापपुर मुख्यालय से टेढ़ाईकोदल ग्राम मात्र 5 किमी. की दूरी पर स्थित है, फिर भी संबंधित विभाग के अधिकारीयों द्वारा सही मॉनिटरिंग नहीं होने से हितग्राही को जून माह में तीन माह का चांवल नहीं मिल पाया है। टेढ़ाईकोदल के ग्रामवासियों का कहना है कि तीन महीने बीत जाने के बाद भी कुछ वार्डों के हितग्राहियों को चावल नहीं मिला वही किसी को 10 किलो तो किसी को 20 किलो दिया गया है। ग्रामीणों ने पंचायत से लेकर एसडीएम कार्यालय तक गुहार लगाई और 5 अगस्त को ज्ञापन भी सौंपा। अधिकारियों ने आश्वासन तो दिया, लेकिन आज तक चावल नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान से लगभग 16 क्विंटल चांवल कम हो गया, जिसका पता अब तक अधिकारी भी नहीं लगा पाए हैं। इस लापरवाही का खामियाजा गरीब हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। गांव के गरीब परिवारों का कहना है कि सरकार की मंशा अच्छी थी, लेकिन स्थानीय स्तर की लापरवाही से वे तीन महीने से चांवल के लिए तरस रहे हैं। राशन दुकान के विक्रेता कैलाश कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि जून से पहले जिन लोगों को चांवल नहीं मिला था, उन्हें उसी समय चांवल दिया गया, जिसके चलते जून से अगस्त तक के लिए कुछ हितग्राहियों को चांवल उपलब्ध नहीं हो पाया।



### विक्रेता की गलती से हुई दिक्कत

भानुप्रतापपुर खाद्य निरीक्षक हस्तिना राणा ने स्वीकार किया कि विक्रेता की गल्ती से चांवल का वितरण प्रभावित हुआ। जून में पूरा भंडारण उपलब्ध था, लेकिन रिकॉर्ड में मार्च से चांवल का स्टॉक शेष दिखने के कारण वितरण में गड़बड़ी हुई। खाद्य निरीक्षक ने गल्ती तो स्वीकार कर लिया, परंतु अभी तक उस समस्या का न तो निदान किया और न ही गल्ती करने वाले पर आज तक कार्यवाही हो पाई।

### नवाखानी के दूसरे दिन मंगलवार को मनाया जाएगा ठाकुर जोहरानी पर्व

# देवताओं की पूजा-अर्चना की और नए अनाज का भोग लगाकर मनाई नवाखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के आदिवासी अंचल में महापर्व नवाखाई धूम धाम से मनाया गया, वहीं आज ठाकुर जोहरनी पर्व मनाया जाएगा। विधायक आशाराम नेताम ने अपने घर में पूजा पाठ करके नवाखाई पर्व धूमधाम से मनाया और क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

अंचल के खेतिहर किसान उदार प्रकृति के प्रति सदैव कृतज्ञ रही है। उनकी संस्कृति में प्रकृति से उपजे उपादानों के लिए नई फसल के आने पर उसे ग्रहण करने से पूर्व समारोह पूर्वक कृतज्ञता अर्पण करता है। वैसे तो बारह मास प्रकृति से प्राप्त किसी न किसी फल, फूल, अनाज व अन्य कंदमूल के अर्पण के बाद नवाखाई का पर्व मनाया जाता है। रीति रिवाज के साथ क्षेत्र के सभी छोटे बड़े गांव में धूम धाम से मनाते हैं। परंपरा के अनुसार नवाखाई के दिन नया चावल का पहला चढ़ावा बूढ़ादेव, इष्ट देवी देवताओं एवं कुलदेवी तथा अपने पूर्वजों को अर्पित कर पूरे परिवार के साथ नया चावल अर्पित कर मनाया जाता है। नवाखाई पर्व के दिन कोरिया पत्ता का दोना बनाकर पूजा अर्चना की जाती है और प्रसाद कोरिया पत्ता पर ही ग्रहण किया जाता है। आदिवासी समाज में नवाखाई पर्व के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य को अनिवार्यत शामिल होना पड़ता है। नवाखाई और ठाकुर जोहरनी जैसे पर्व आदिवासी समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की गहराई को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। यह त्योहार प्रकृति, परिवार और परंपरा के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाते हैं।



### ईश्वर को करते है समर्पित

विधायक आशाराम नेताम के पिता जैनूराम नेताम ने बताया कि नवाखानी एक प्रमुख आदिवासी त्योहार है, जो छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ईश्वर को नई फसल का पहला हिस्सा अर्पित करना होता है। ईश्वर को नई फसल का पहला हिस्सा अर्पित करने की परंपरा आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए धार्मिक महत्व है। नवाखानी की शुरुआत मंडा देव की पूजा से होती है, जो गोत्र देवता के रूप में जाने जाते हैं। नई फसल की बाली और खीर बनाकर मंडा देव और अन्य देवताओं को अर्पित किया जाता है। परिवार एवं गांव के लोग एक साथ बैठकर नई फसल का जश्न मनाते हैं और एक दूसरे को नवाखानी की शुभकामनाएं देते हैं।

## हाथियों के दल का श्रीपुर पंचायत में आतंक, कई घर और फसलें तबाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

महाराष्ट्र से हाथी पुनः परलकोट ईलाक के श्रीपुर ग्राम पंचायत और उसके आश्रित गांव इंद्रपुरी में पहुँचकर ग्रामीणों को नुकसान पहुँचाया है। हाथी ने किसी के घर को ढहाया है, वहीं किसी के फसल को नुकसान पहुँचाया है। वन विभाग की माने तो हार्थी वर्तमान में पीवी 123 ग्राम पंचायत श्रीपुर के पास मौजूद है। हाथी गांव में कई घरों को भारी नुकसान पहुंचाया है और किसानों की फसलों को रौंद डाला है। प्रभावित हितग्राहियों में सपन सरकार पिता चितरंजन सरकार और संजीत पाइक पिता सुख रंजन शामिल हैं। हाथियों ने इनके घरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ इनकी कृषि भूमि पर खड़ी धान की फसलों को भी बर्बाद कर दिया है। इसके अलावा बाबुल मंडल और शिशिर छोटू की धान की फसलों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही है। ग्रामीणों से ▶▶| शेष पेज 08 पर

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी ने सोमवार को शिक्षा सचिव के नाम पर आयुक्त बस्तर को ज्ञापन सौंपा। मांगपत्र में उल्लेख है कि बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में प्रयोगात्मक कार्य को गलत तरीके से कराया गया है। पहले सेमेस्टर में तो छात्रों को शासकीय काकतीय महाविद्यालय में भेजकर प्रैक्टिकल कराया गया था,लेकिन दूसरे सेमेस्टर में न तो प्रयोगात्मक सामग्री खरीदी गई और न ही छात्रों को दूसरे कॉलेज भेजा गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव एम ज्योतिराव, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट,छात्र नेता फैसल नवी, हंसु नाग, पवन गोटा उपस्थित रहे।

### गणेशोत्सव पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जगदलपुर।** मां परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में गणेशोत्सव पर प्रतिदिन भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आज महिलाओं के द्वारा सुंदरकांड व भजन का आयोजन देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर देवांगन समाज के महिलाओं, युवतियों, बच्चियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मांदर, नेगानार एवं पारापुर के 103 बाढ़ प्रभावित परिवारों को दिए राहत सामग्री, बर्तन व कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के लोहण्डीगुडा विखं के बाढ़ प्रभावित गांवों का धाकड़ समाज ने दौरा कर प्रभावितो को राहत सामग्री का वितरण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धाकड़ समाज के संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ व लोहण्डीगुड़ा अध्यक्ष मालिकराम धाकड़ के नेतृत्व मे संरक्षण पद्म सिंह धाकड़, कृष्णा सिंह धाकड़, तरुण धाकड़, तुलसीराम धाकड़, जगत सिंह धाकड़, मुकुंद सिंह धाकड़, सुदन सिंह धाकड़, बालसिंह धाकड़, सोनासिंह धाकड़ के द्वारा बाड़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मांदर, नेगानार तथा पारापुर का दौरा किया गया। प्रभावित परिवार से मिलकर स्थिति परिस्थिति की जानकारी लेकर परिवार से रुबरू हुए।

### पीड़ित परिवारों के लिए आगे आया धाकड़ समाज



#### परिस्थिति में भी उम्मीद बरकरार रखें

धाकड़ समाज के सक्रिय सदस्य तुला सिंग धाकड़ के साथ सामाजिक पदाधिकारियों ने ग्राम मांदर में प्रभावित परिवार को मिलने पहुंचे एवं समाज क्षेत्र के प्रमुखों के साथ मिलकर सहयोग प्रदान की। धाकड़ ने प्रभावित परिवारों से जीतना जल्दी हो सके चिंता व निराशा से निकलने कि अपील की एवं कहा की विपरित परिस्थिति में भी उम्मीद बरकरार रखें। संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ ने बस्तर संभाग के प्रत्येक प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 20-20 लाख रूपये मुआवजा राशि तत्काल प्रदान करने की मांग की है।

इस दौरान ग्राम मांदर, नेगानार एवं पारापुर के 103 प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री,बर्तन व कपड़े वितरण किया। जिसमें हाड़ीराम धाकड, भरत धाकड़ (पारापुर), मारुति धाकड़, रमेश धाकड़ (आंजर), जुजस्टी धाकड़, डोलेन्द्र सिंह धाकड़, रमेश धाकड़, हरेन्द्र सिंह धाकड़, धनसिंह धाकड़, उडकुडीड़ धाकड़ धाकड़ समाज क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा के धाकड़ समाज के सामाजिक बन्धुओं की सहयोग एवं सहभागिता रही। मालिकराम धाकड़ प्रभावित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की धाकड़ समाज ऐसी दुख की परिस्थिति में आपके साथ खड़ा है,कोई भी प्रभावित परिवार स्वयं को अकेला महसुस न करे। हम सबको एक दुसरे के सुख दुख मे शामिल होकर यथा संभव सहयोग करनी चाहिए।

## प्रशासन और समाजसेवियों ने मिलकर की मदद

# मांदर में बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर








- विद्यार्थियों को मिले नए दस्तावेज
- स्वीपर संघ और एनएसएस के छात्रों ने किया श्रमदान

पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ से प्रभावित मांदर गांव के लोगों को प्रशासन और समाजसेवियों के संयुक्त प्रयासों से बड़ी राहत मिली है। बाढ़ के कारण कई स्कूली बच्चों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, किसानों की फसलें और घरों को भारी नुकसान हुआ था, जिसका भरपाई करने के लिए त्वरित कदम उठाए गए हैं।

बाढ़ में जिन स्कूली बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र और अंकसूचियां खराब हो गई थीं, उन्हें दोबारा ये दस्तावेज बनाकर वितरित किए गए। अनुविभागीय अधिकारी नीतीश वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, खंड स्त्रोत समन्वयक पीला राम सिन्हा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बच्चों को ये प्रमाण पत्र सौंपे।

संकुल समन्वयक शिवचरण कश्यप ने प्रभावित बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और कपड़े भी प्रदान किए। शालिनी तिवारी ने बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। माध्यमिक शाला कोटवारपारा मांदर और प्राथमिक शाला चिखला पारा मांदर के बच्चों को गणवेश और बिस्किट भी वितरित किए गए।

शिक्षा विभाग के अंशकालीन स्वीपर संघ, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के करीब 150 सदस्यों ने स्वयं प्रेरित होकर बाढ़ प्रभावित ग्राम मांदर में श्रमदान किया। इन सदस्यों ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों के मलबे की सफाई की। जिन घरों में केवल महिला सदस्य थीं और सफाई करना संभव नहीं था, वहां स्वीपर संघ ने विशेष सहयोग दिया। उन्होंने भीगे हुए धान और अनाज को धूप में सुखाने में भी मदद की। गांव के कई घर बाढ़ में पूरी तरह ढह गए थे, जबकि अन्य घरों को आंशिक क्षति पहुंची है। वहीं कई घरों में करीब एक फीट तक मलबा जमा था। इस कार्य के लिए घर के सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अंशकालीन स्वीपर संघ की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। इसके साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने भी बाढ़ से ध्वस्त मकानों के मलबे को हटाने में श्रमदान कर पीड़ितों की मदद की।

#### जारी हुए नए क्रेडिट कार्ड

बाढ़ से प्रभावित ग्राम मांदर के किसानों को भी राहत प्रदान की गई है। इस क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए नवीन किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिससे उन्हें खेती-किसानी के लिए आर्थिक सहायता मिल सके। इस राहत और बचाव कार्य के दौरान समस्त संकुल समन्वयक और शिक्षक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस संवेदनशील समय में बच्चों और परिवारों की मदद में अपना योगदान दिया।

### किरन्दुल-विशाखापटनम पैसेंजर व नाइट एक्सप्रेस ट्रेन बहाल




**जगदलपुर।** पूर्व तट रेल जोन के विशाखपटनम रेल मंड़ल अंतर्गत किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन के दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले अंतर्गत रेलवे सेक्शन में भारी बारिश और बाढ़ से अलग-अलग स्थानों में रेल ट्रैक वासाउट हो गया था,और पटरी के ऊपर चट्टान गिरने की घटना हुई थी। जिसके चलते केके लाइन पिछले सप्ताह भर से बाधित थी। बाधित लाइन के बहाली के बाद यात्री ट्रेनो का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया। जिससे यात्रियों को भारी राहत मिली। विशाखपट्नम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप के अनुसार केके लाइन में भारी बारिश से यात्री ट्रेनो का परिचालन बंद किया गया था। मरम्मत व सुधार कार्य पूरा होते ही बाधित मार्ग बहाल किया गया। रेल लाइन बहाली के बाद 1 सितंबर से विशाखपटनम से ट्रेन संख्या 18515 विशाखपटनम-किरंदुल रात्रि एक्सप्रेस किरंदुल तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखपटनम रात्रि एक्सप्रेस 2 सितंबर से किरंदुल से परिचालन होगी। 2 सितंबर को विशाखापत्तनम से वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखपटनम-किरंदुल पैसेंजर किरंदुल तक चलेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 58502 3 सितंबर से किरंदुल से विशाखपटनम के लिए प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी वरिष्ठ मंड़ल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने दी।

### आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर आत्मीय स्वागत किया गया। वे बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने और राहत कार्यों की समीक्षा करने के लिए पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और सचिव रीना बाबा साहब कंगाले पहुंचे हैं।

# झमाझम बारिश से सड़कें बनी तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने पूर्वानुमान जारी करते सोमवार, मंगलवार को बस्तर में कहीं-कहीं पर भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

- बारिश का पानी घरों में घुसा, रहवासी हलाकान, निगम का प्रयास पर फिरा पानी



सोमवार को संभाग मुख्यालय जगदलपुर में सुबह से दोपहर तक आसमान में धूप और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। इस बीच कुछ घण्टो तक तेज धूप भी निकली। शाम 5 बजे के बाद मौसम करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए देखते ही देखते झमाझम बारिश हुई। लगभग 2 घण्टो तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के अनेक सड़के जलमग्न होकर तालाब का रूप ले लिया। खासकर धरमपुरा, शहीद पार्क, तिराहा, महारानी अस्पताल मार्ग, नयापारा, हनुमान मंदिर चौक,कोर्ट तिराहा, पुराना नरेंद्र टाकीज रोड, सन सिटी, लालबाग, कुम्हार पारा, दंतेश्वरी वार्ड, गांधी नगर वार्ड, गंगानगर वार्ड, रमैया वार्ड, दलपत सागर वार्ड समेत अन्य निचली बस्तियों में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर गं गा न ग र , पि ला नी , द ति या , सतना,डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे म्यांमार तट के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। इस मौसमी तंत्र का प्रभाव मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है। इसके प्रभाव से बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभागके जिलों में 2 से 4 सितंबर तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की सम्भावना है। इसके साथ एक द्रोणीका उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे म्यांमार तट के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर तटीय उड़ीसा तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

#### अधिकांश स्थानों पर बारिश के संकेत

मौसम वैज्ञानिक रायपुर के अनुसार वायुमंडल में बने अलग-अलग सिस्टम की वजह से प्रदेश में मंगलवार को सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्वी जिले संभावित है।

# चिहारीपारा में नवाखाई की धूम इष्ट देवता की पूजा अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा में आदिवासी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा नवा खाई पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्राम के मंडावी मरई ठाकुर परिवार ने अपने इष्ट देवता की विशेष पूजा-अर्चना कर धूमधाम से इस पारंपरिक पर्व का आयोजन किया। गांव के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर एकता और भाईचारे का संदेश देते नजर आए। नवा खाई पर्व आदिवासी समाज का एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है, जिसमें नए धान की बाली और फसल को सबसे पहले देवता को अर्पित किया जाता है। इसके बाद ही परिवार और समाज के लोग नए अन्न का सेवन करते हैं। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा, बच्चे-बुजुर्ग सभी ने मिलकर इस पर्व की खुशियों को बांटा। ग्राम चिहारीपारा में आयोजित पूजा कार्यक्रम के दौरान मंडावी मरई ठाकुर परिवार ने गांव के पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए नवा अन्न देवता को अर्पित किया। पूजा के बाद गांव के सभी लोग एकत्र हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान ग्रामवासी गोंडी और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों पर झूमे, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। लोग अपने-अपने घरों में विशेष व्यंजन बनाकर एक-दूसरे के साथ साझा किए। नवा खाई पर्व न केवल कृषि और फसल से जुड़ा त्योहार है, बल्कि यह आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक भी है। यह त्योहार समाज को यह संदेश देता है कि मेहनत और परिश्रम से उगाई गई नई फसल सबसे पहले ईश्वर को अर्पित कर कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।

# भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिहार के दरभंगा में कांग्रेस आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गवासी माता पर कांग्रेस एवं राजद कार्यकतार्ओं की टिप्पणी की निंदा करते हुए आज भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। लोहंडीग़ुड़ा ब्लाक के गढ़यि चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अविलंब इस कुकृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप, महामंत्री सावेंद्र सेठिया, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप,जनपद सदस्य कलम सिंग, मनिष पोंयाम पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बोंझा राम मौर्य,मटनार सरपंच डोमूराम कश्यप,सरपंच समलू कश्यप,सरपंच महेश नाग,सूदरू सेठिया,पुरषोत्तम ठाकुर, पिलूराम बघेल,धनसिंग ठाकुर, दुष्यन्त ठाकुर, निरंजन बघेल,रतन ठाकुर,चेतन ग्वाल,मन्नूलाल कश्यप,रायधर मौर्य,मोतीलाल कश्यप, सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अतिवर्षा प्रभावित चूड़ी टिकरापारा में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कलेक्टर कुणाल दूदावत द्वारा आज पुनः चूड़ी टिकरापारा पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से सीधे संवाद किया गया। कलेक्टर ने घर-घर जाकर प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी प्रभावित परिवारों को कल तक सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परिवारों के आधार, राशन एवं निवास जैसे आवश्यक दस्तावेज बाढ़ में नष्ट हो गए हैं, उनके लिए शिविर लगाए जाएं। प्रभावित परिवारों के स्कूली बच्चों को पुनः यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही खाद्यान्न और कपड़ों के साथ अब बर्तन भी वितरण किए जाएंगे।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। चूड़ी टिकरापारा के समीप स्थित न्यू छात्रावास में प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से ठहराने की व्यवस्था की जाएगी। भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की भी कलेक्टर ने स्वयं जानकारी ली।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा पूनम पटेल, जिसकी किताबें बाढ़ में नष्ट हो गईं, को प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें और एक टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने हाई स्कूल ग्राउंड के समीप इनडोर स्टेडियम में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को शीघ्र सुलझाने का भरोसा दिलाया। मुख्यालय में बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रशासन ने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाना आवश्यक है।

#### बादल एकेडमी में दिया जा रहा प्रशिक्षण

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए चल रहा हरिक उदिम परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





जिला प्रशासन ने तितली संघरक्षिणी कार्यक्रम के साथ मिलकर हरिक उदिम महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं और सहायिकाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे छोटे बच्चों का बेहतर देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित कर सकें।

यह परियोजना आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं और सहायिकाओं के कौशल को बढ़ाकर बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं विकास को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। इसमें 240 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें 120 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 120 सहायिकाएं हैं जो बस्तर के सभी 7 ब्लॉकों से हैं।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक देखभाल और शिक्षा के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। इसके साथ ही ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के सम्बन्ध में भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से समुदाय के साथ प्रभावी ढंग से काम करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि हरिक उदिम परियोजना केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि बस्तर के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो।

पेज 07 के शेष...

### भाजयुमो ने कांग्रेस...

लिए अपशब्दों का प्रयोग करते है, उसके बाद बिहार में दोनो नेता मंच से देश के प्रधानमंत्री और उनकी माताश्री के लिए अपशब्द शब्दों का इस्तेमाल करते है। उन्होने कहा कि राहुल गांधी उनकी पार्टी और अन्य विपक्षी पार्टियां बिहार में चुनाव से पहले ही देश का माहौल खराब करना चाहते है इसलिए जानबुझकर यह नेता प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे है। प्रधानमंत्री के विरूद्ध इस प्रकार की भाषा का उपयोग भाजपा युवा मोर्चा हरगिज बर्दास्त नही करेगा और इन गालीबाज नेताओं को सजा दिलाने के लिए सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगा।

### हाथियों के दल...

सतर्क रहने और हाथियों से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की बात कही गई है। विदित हो कि महाराष्ट्र से परलकोट में बार बार दंतेल हाथी के आने से क्षेत्र के ग्रामीण काफी चिंतित हैं। उनका कहना है कि दंतेल हाथी के इस तरह से बार बार हमारे क्षेत्र में आने से केवल नुकसान ही उठाना पड़ेगा। हमारी वन विभाग से माँग है कि हाथी के परलकोट में नहीं आने के लिए किसी भी तरह का समाधान निकाला जाए, जिससे हम लोगों को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### माफी मांगों राहुल गांधी



तोकापाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के विरोध में आज भाजपा व भाजयुमो मंडल तोकापाल भाजपा कार्यालय के गांधी चौंक पर पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज किया। इस दौरान भाजपा नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### सड़क सुरक्षा पर हुई बहस डीएवी स्कूल रोकेल अव्वल



**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन और राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषयक जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद बहुउद्देश्यीय सभागार सुकमा में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर चयनित टीमों ने भाग लिया। डीएवी स्कूल रोकेल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा को द्वितीय तथा डीएवी स्कूल सुकमा को तृतीय स्थान मिला। विजेता टीमों को 7000, 5000 और 3000 तथा शेष प्रतिभागी टीमों को 2000-2000 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं को जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी एवं जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी ने पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिले से चयनित टीमें अब 6 सितम्बर को संभाग स्तरीय और तत्पश्चात 13 सितम्बर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान विजेता टीम को 35000, द्वितीय को 25000 और तृतीय को 20000 का पुरस्कार मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा....



जगदलपुर। लालबाग में कालाराजा गणेश की प्रतिमा।



जगदलपुर। लालबाग शिव परिवार युवा गणेशोत्सव समिति।



जगदलपुर। श्री गौरी गणेश उत्सव समिति आमागुड़ा में 28 फीट की गणेश की प्रतिमा।

# हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का सबसे बड़ा प्रतीक बनता है गीदम का गणेशोत्सव

**यहां 87 सालों से हो रही है स्थापना**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की सबसे बड़ी मिसाल कायम करता है। यह एकता दिखाई देती है गणेशोत्सव के विशेष मौके पर। दरअसल इस नगर में 87 सालों से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है और इस परंपरा को आज की युवा पीढ़ी ने भी बरकरार रखा है।

बताया जाता है कि जब पूरा बस्तर एक था, तभी से गीदम नगर अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और आपसी भाईचारे की मिसाल कायम कर रहा है। इसी कड़ी में नगर में 87 वर्षों से गणेश प्रतिमा स्थापना की परंपरा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है. इस वर्ष सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति, गीदम द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापना का गौरवशाली 87वां वर्षगांठ समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। नगर के वरिष्ठ नागरिकों के मुताबिक गणेशोत्सव गीदम की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। नगर के वरिष्ठ नागरिक विमल सुराना बताते हैं कि गणेशोत्सव के समय गीदम का कला मंच पूरे बस्तर संभाग में प्रसिद्ध था। जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बारसूर और अन्य स्थानों से कलाकार यहां प्रस्तुति देने आते थे। गणेश समिति के वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश सिंह चौहान, शेख नसीम, राकेश कुशवाह, पिंटू, गजेन्द्र सिंह बताते हैं कि यह उत्सव सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं बल्कि नगर की सांस्कृतिक आत्मा है, जिसने पीढ़ियों को जोड़े रखा है।

गीदम का गणेशोत्सव गंगा-जमना तहज़ीब का प्रतीक है। लगभग 30 वर्षों तक गणेश प्रतिमा का निर्माण मुस्लिम परिवारों द्वारा पठान पारा में किया जाता रहा। वर्तमान में समिति के सांस्कृतिक प्रमुख साजिद भारती खान पिछले 15 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भजन-कीर्तन की सफलता में भक्कु खान और छोटे खान की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शेख नसीम आज भी नगर के स्कूलों के बच्चों को मंचीय प्रस्तुतियों के लिए तैयार करते हैं। अनिल जॉर्ज वर्षों तक समिति के कोषाध्यक्ष रहे और अब संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन दे रहे हैं। यह उत्सव धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर उठकर एकता, प्रेम और भाईचारे की मिसाल बन गया है।

### 5 दिवसीय विशेष कार्यक्रम

गणेश चतुर्थी 2025 के शुभ अवसर पर गणेश मंडप, पुराना बाज़ार पारा, गीदम में प्रतिमा स्थापना की गई है।एक सितंबर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों क शुरुआत हो रही है। पहले दिन आस्था गुरुकुल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, संगीत महाविद्यालय, माध्यमिक शाला माधव पारा, दो सितंबर को भजन संध्या और कीर्तन प्रतियोगिता, बच्चों की नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता, 03 सितंबर को लोकगीत, नाटक और लोकनृत्य प्रस्तुतियां, नगर के उभरते कलाकारों का सम्मान, 4 सितंबर को विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति अजय डांसिंग ग्रुप, माध्यमिक शाला माहंगु पारा, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गीदम की प्रस्तुतियां और 05 सितंबर को सामूहिक भजन संध्या और भव्य आरती का आयोजन होगा। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष अजय अवस्थी ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि सह-परिवार पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लें और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करें।

## जनपद उपाध्यक्ष ने दी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

भारी बारिश से प्रभावित लोंगो को शासन द्वारा राहत प्रदान की जा रही हैं। इस संदर्भ में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप पीडी ने गत रविवार, सोमवार को केशापुर, और नेगानार ग्राम पंचायत में राहत सामग्री वितरण किया।

राहत पाने वाले लोंगो में ऐसे परिवार शामिल हैं जिन्हे भारी बारिस से नुकसान उठाना पड़ा, घरों में पानी घुस जाने के कारण अस्थाई शिविरों में शरण लेना पड़ा साथ ही अनाज के पानी में भीग जाने के कारण क्षति उठानी पड़ी। जनपद उपाध्यक्ष द्वारा शासकीय सहायता के साथ-साथ निजी तौर से भी लोगों की सहायता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने वचनबद्ध हैं। लगातार स्थिति पर नजर रखा जा रहा हैं, आवश्यकता अनुसार पीड़ितों को हरसम्भव सहायता दिया जायेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और स्थानीय कर्मचारियों से कहा कि अपने आसपास के स्थिति पर नजर रखे। ताकि समय पर लोंगो को सहायता मुहैया कराया जा सके।

इस दौरान पटवारियों को लोगों के हुए नुकसान का जायजा लेकर प्रकरण बनाने का निर्देश दिया गया हैं। साथ ही किसानों की फसलों को हुए नुकसान का भी निरीक्षण जारी हैं। राहत सामग्री वितरण के दौरान केशापुर सरपंच नीलू कश्यप, ग्राम पंचायत सचिव रामधर कश्यप, नेगानार सरपंच रुक्मणि मौर्य, ग्राम पंचायत सचिव रमेश दास, मुन्नू सिंह, फूलसिंह सेठिया, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर दिनेश पांडे, कमलोचन जायसवाल, अंकित कुमार रजक, सोनाली बघेल आदि मौजूद रहें।

## विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए संयम को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीएमश्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सभा में फिट इंडिया शपथ के साथ हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य एवं फिटनेस को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनका विषय था हमारे जीवन में खेलों का महत्व। विद्यार्थियों ने अपने विचारों एवं रचनात्मकता के माध्यम से खेलों की आवश्यकता और स्वास्थ्य पर उनके सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। दोपहर में फुटबॉल, दौड़ प्रतियोगिता, बैलेंसिंग गेम्स सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। प्राचार्य ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करें। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया और राष्ट्रीय खेल दिवस को यादगार बना दिया।

### केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी ने तीरंदाजी लघु केन्द्र का किया अवलोकन



**बीजापुर।** अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी अन्बलगन पी ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र समर्थ बीजापुर का अवलोकन कर दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को उनके दिव्यांगता के आधार पर दी जाने वाली सुविधा फिजियोथेपी, खेल-कुद, शिक्षा, भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने सुंदर एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जिस पर केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी अन्बलगन पी ने बच्चों के प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुऐ फल एवं चाकलेट वितरण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया तीरंदाजी, लघु केन्द्र पहुंचकर तीरंदाजी के तीनों विधा इंडियन रिकर्व कंपाउंड की जानकारी ली तथा स्वयं तीरंदाजी किया। इस अवसर पर उपस्थित पदक प्राप्त खिलाड़ियों रोहित कोरसा, बीजू कुरसम, अजय कुड़ियम, सरीता तेलम, अंकिता, विकेश, अंजन, हंसिनि को शुभकामनाएं दी।

## टीसी रामनाथ को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



एनएमडीसी सिविल विभाग के विभागीय अध्यक्ष टीएस रामनाथ को रविवार शाम मिलेनियम पार्क मंगल भवन में किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने विदाई समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि टी सर रामनाथ, उनकी धर्म पत्नी लता रामनाथ, विशिष्ट अतिथि किशन आहूजा वर्क प्रमुख, सुब्रमण्यम जीएम इलेक्ट्रिकल, गोस्वामी जीएम जूलॉजिकल, एसके पांडेय सिविल विभाग अध्यक्ष किरंदुल, बांसोड़ सिविल विभागीय अध्यक्ष बचेली, थाना प्रभारी संजीव यादव की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगल भवन को इस कार्यक्रम के लिए लाइट फूल गब्बर से भव्य रूप से सजाया गया। चारों तरफ विभागीय अध्यक्ष रामनाथ के होर्डिंग और फ्लेक्स लगवाए गए। मुख्य अतिथि द्वारा भगवान विश्वकर्मा के फोटो पर माला अर्पण कर दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी अतिथियों का बैच एवं गुलदस्ता के साथ स्वागत किया।

कॉन्टैक्टर यूनियन के अध्यक्ष अतुल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपना उद्बोधन दिया। अतिथियों ने सिविल विभागीय अध्यक्ष रामनाथ के लिए अपने विचार रखते हुए उद्बोधन में उनके कार्यकाल के समय उनके साथ किए गए कार्य की स्मृतियों को साझा किया। मुख्य अतिथि ने ठेकेदार के साथ बिताए गए अपने अनुभव और किरंदुल बचेली में कार्यकाल के दौरान यादें सभी के साथ साझा किया। मुख्य अतिथि को पुष्प हार व शॉल पहनाकर स्मृति चिह्न दिया। साथ ही अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर म्यूजिकल लाइक पवन म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। अतिथियों के लिए रात्रि भोज का आयोजन था। सभी ने सहपरिवार कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के पूर्व सचिव विप्लव मलिक ने किया। इस दौरान संस्था के सचिव हरिशंकर मुखर्जी, सुरेंद्र नायर, अमरीक सिंह, रविंद्र सोनी, आजाद सक्सेना, नवीन राय, सलीम सिद्दीकी, शरद मिश्रा, बाबूराव, जोविस पापाचंद बबलू सिद्दीकी, शशिभूषन तिवारी , मनोज सिंह, तपन दास, आरती नायक, आसिफ सिद्दीकी, मंगल कुंजन, के वि सुरेश, माधव राव, इमरान खाना, निताई पाल, पवन, अमृत टंडन, अभय पांडे, जॉय वर्गिस, निमाई पाल, अनूप सिंग, पीयूष राय व अनेक कॉन्टैक्टर उपस्थित थे।

## बस्तर में दीदी के गोठ कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



जनपद कार्यालय बस्तर के सभागार में रविवार को दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश दिए।

- **बिहान महिला समूह, जनपद अध्यक्ष व सीईओ ने किया श्रवण**

उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर दिया और कहा कि यह पहल महिलाओं की आवाज को घर-घर तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं दीदियों की कहानियां उन्हीं की जुबानी सुनाई गईं, जिसमें उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा और सफलता के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से किया गया। जनपद पंचायत बस्तर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल , जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र व राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष सिंह, एनआरएलएम के बीपीएम अमित कुजूर सहित बड़ी संख्या में बिहान से जुड़ी महिलाओं ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना।

## स्काउट-गाइड ने गीत एवं नृत्य के साथ किया स्वागत, वंदन व अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा विकासखंड बस्तर में नव पदस्थ प्राचार्य अल्का बेंजामिन ने कार्यभार ग्रहण किया। उनका स्टाफ के अलावा स्कूली स्काउट गाईड ने स्वागत गीत एवं नृत्य के साथ अभिनंदन किया।

स्वागत गीत के पश्चात वरिष्ठ व्याख्याता राजकिशोर तिवारी द्वारा नवीन पदस्थ प्राचार्य का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पश्चात स्टाफ व बच्चों से परिचय कराया। स्काउट गाइड नियमानुसार वेलकम वेलकम वेलकम करतल ध्वनि से स्वागत किया। बच्चों मे नए प्राचार्य को लेकर उत्सुकता के साथ साथ खुशी उनके चेहरे मे साफ झलक रही थी। अपने उद्बोधन मे प्राचार्य ने बच्चों को दिल जीत लिया और बच्चों से ही सहयोग के रूप मे नियमित उपस्थित और नियमित पढ़ाई का संकल्प दिलवा दिया, बच्चों ने सहर्ष स्वीकार भी कर लिया और कहा हम प्रतिदिन स्कूल आयेंगे और पढ़ाई भी नियमित रूप से करेंगे। प्राचार्य बेंजामिन ने बच्चों की अनुशासन व्यवस्था से बहुत प्रभावित भी हुई और सभी स्टाफ की सराहना भी उन्होंने की। स्वागत कार्यक्रम में मोतीराम कश्यप, मीना भदोरिया, संध्या साव, रजनी तिवारी, भीमेस्वरी देवागन, गमेस सिंह, हेमंत चापड़ी, सबीना डहरिया, चैन सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

## राहुल गांधी का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बस्तर के बस स्टैंड में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से खुलेआम कांग्रेसियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा व गाली का प्रयोग करने की घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गईं। पुतला दहन कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य सत्यम झा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान रामानंद मिश्रा, डॉ. वीएस राजपूत, मोहम्मद हयात खान, सुशील खम्बारी, किरण सेठिया, मोहन चौरसिया, चंदन झा मानसाय बघेल, जयप्रकाश झा अनिल जायसवाल, महेंद्र बघेल, बसंती पटेल, रविशंकर शुक्ल, बंसी कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्रीश्री विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति सांस्कृतिक भवन अलबेलापारा कांकेर



श्रीश्री ऊँ विनायक बाल गणेशोत्सव समिति अटल चौक बड़ेपारा डुमाली



श्री श्री न भवानी गणेशोत्सव समिति शिलापारा कांकेर



श्री श्री शिवमन्दिर समिति शीतलपारा कांकेर



श्री बोलबम परिवार श्रीराम नगर कांकेर

## खबर संक्षेप

### श्री गणेशजी की स्थापना बच्चों ने उत्साह से किया



**अंतागढ़।** नगर के बस स्टैंड में इस वर्ष स्थानीय बच्चों द्वारा गणेश चतुर्थी पर गणेश की मूर्ति की स्थापना किया गया, जिससे मुहल्ले के बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम विधिवत पूजा व आरती कर मुहल्ले में प्रसाद वितरित किया जा रहा है। बच्चों के पालक व मुहल्लेवासी गणेश पंडाल पहुंचकर भगवान गणेशजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं साथ ही बच्चों के इस प्रयास के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

### उमा विद्यालय अरौद की छात्रों को मिली सायकिल

**चारामा।** शासकीय उमा विद्यालय अरौद में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9 वी में अध्ययनरत 16 छात्रों को जनपद सदस्य चिंताराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वेदराम सेन, रुपेश मरकाम ग्राम पंचायत अरौद एवं पालक गण की उपस्थिति में सायकल का वितरण किया गया। जनपद सदस्य ने कहा कि सायकल सिर्फ लड़कियों को प्रदान की जा रही ताकि बालिका शिक्षा की बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य जनक लाल ठाकुर, संकुल समन्वयक एलआर जैन, मेरी ऊषा लकड़ा, हरीशचंद्र कांगे, वीणा ठाकुर, दीपक पटेल, योगेश कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार दुबे, उदिता भोयर, जमुना यूके, शिव लाल उसेंडी, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### बिजली गिरने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत खेत कि ओर गए 52 वर्षीय राजकुमार निषाद का आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गया। चवाड़ निवासी सुनील निषाद ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने खेत की ओर गया हुआ था। अचानक 31 अगस्त को आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

फैंसी ड्रेस, व्यंजन बनाओ, एकल नृत्य, बूझो तो जाने प्रतियोगिताओं के विजताओं को किया गया पुरस्कृत

# तीज मिलन समारोह में हुईं विभिन्न स्पर्धाएं महिलाओं की सक्रियता रही उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



नगर नरहरपुर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरतालिका तीज पर्व के अवसर पर स्थानीय सांस्कृतिक भवन में महिलाओं के लिए तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। माताओं व बहनों के बीच आपसी सौहार्द, मनोबल को बढ़ाने व अपनी पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक आयोजन किया गया, जिसमें नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।


आयोजित कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा सर्वप्रथम भगवान शिव पार्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार पोरस वेंताल, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी सुरेश राठौर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र धुव, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मण शुक्ला, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, प्राचार्य अल्का शर्मा का तिलक व बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फैंसी ड्रेस,व्यंजन,एकल नृत्य,सामूहिक नृत्य, बूझो तो जाने, पर्ची उठाओ गीत गाओ, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रेस में प्रथम स्थान पर जयश्री नाग, द्वितीय उज्जवल शर्मा, तृतीय भूमिका साहू व निशा कटेद्र रही।

व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम सुनीता सिन्हा, द्वितीय लक्ष्मी जैन, तृतीय रानू साहू और एकल नृत्य में प्रथम उज्जवल शर्मा, द्वितीय मोतीन नेताम, तृतीय गोनाँछी साहू और सामूहिक नृत्य में प्रथम भूमिका साहू एवं ग्रुप द्वितीय लीना सिन्हा व ग्रुप तृतीय लिकेशवरी साहू व ग्रुप, पर्ची उठाओ गीत गाओ में प्रथम लक्ष्मी साहू, द्वितीय जीवन ज्योति शर्मा और तृतीय स्नेहलता सिंह रही। बूझो तो जानो में प्रथम अंबी कश्यप, द्वितीय प्रभा राजपूत, तृतीय रागिनी साहू, चतुर्थ कुलेश्वरी सिन्हा, पंचम अभिलाषा श्रीवास्तव, छठवाँ राधिका सिन्हा, सातवाँ व आठवा स्थान जयश्री नाग रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम रागिनी साहू, द्वितीय सोमप्रभा साहू और तृतीय गोनांछी साहू ने सफलता हासिल की। सभी प्रतिभागी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया वही शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

आयोजन समिति के सदस्य मुकेश संचेती, जसराज चोपड़ा, देवानंद साहू, नितेश मगेद्र, चन्द्रहास सिन्हा, भागवत शोरी, दीपक यादव, पुष्कर सिन्हा, अमन तिवारी का सभी मातृशक्तियो ने इस तीज महोत्सव के शानदार आयोजन के लिए आभार जताया।

# धान खरीदी में 98 लाख का छोटेबेठिया में घोटाला, एफआईआर की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



मामले में एफआईआर दर्ज करने बैंक ने लिखा पत्र

जिला सहकारी बैंक ने छोटेबेठिया धान खरीदी में 98 लाख रूपएं के धान की गड़बड़ी को लेकर पुलिस अधीक्षक को अपराध दर्ज करने के लिए पत्र सौंपा है। इसकी खबर फैलते ही क्षेत्र में हडकंप मच गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छोटेबेठिया धान खरीदी में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान हुए इस घोटाले में छोटेबेठिया धान खरीदी केंद्र प्रभारी नितेश देहारी, सहायक केंद्र प्रभारी सपन दे, निमाई सरकार, बारदाना प्रभारी सत्यानंद मंडल, सहायक बारदाना प्रभारी सुरंजर सरकार पर करीब 98 लाख के सरकारी राशि गबन का आरोप है। उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर के निर्देशानुसार शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बांदे घनश्याम झारिया ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक कांकेर को एफआईआर दर्ज करने पत्र भेजा है। शिकायत के अनुसार समिति ने कुल 113245.56 क्विंटल धान की खरीद की थी, जिसका भुगतान ऑनलाइन हो चुका है। हालांकि, जब इसकी जांच की गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में 3149.81 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी कीमत 97,64,411 रूपएं है। इसके अलावा, 1547 नए जूट के बारदाने (बोरे) भी गायब मिले, जिनकी कीमत 1 लाख 11 हजार 074.60 बताई गई है।

शाखा प्रबंधक ने पुलिस अधिक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीद नीति के अनुसार, धान में किसी भी तरह की कमी की जिम्मेदारी पूरी तरह से केंद्र प्रभारियों की होती है। इसे देखते हुए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छोटेबेठिया के खरीदी प्रभारी, सहायक प्रभारियों और बारदाना प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए।

# सेवानिवृत्त सीएफ कमांडेंट को कार्यक्रम आयोजित कर ससम्मान विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भीरागांव 22 वीं बटालियन से भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने पर कमांडेंट जेआर ठाकुर का विदाई सम्मान समारोह 22वी बटालियन भारत रक्षित छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स (सीएएफ)भीरागांव कांकेर में किया गया। आयोजित कार्यक्रमक में एएसपी अंतागढ़ आशीष बंछोर, एएसपी पखांजुर राकेश कुर्रे, एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह, भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, दुर्गुकोंदल निरीक्षक प्रहलाद यादव, निरीक्षक अंतागढ़ रमेश जायसवाल, जनपद सदस्य जनप्रतिनिधि भुनेश्वर कोरेटी, सरपंच बेवी गावड़े, टीकम टाडिया वरिष्ठ नागरिक भीरागांव की उपस्थिति में विदाई समारोह में सेवानिवृत्त होने पर कमांडेट का परिचय बताते हुए बताया कि पूर्व में शासकीय दाउ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार मध्य प्रदेश में सहायक प्रध्यापक समाज शास्त्र के पद 1988 से 1998 तक कुल 10 वर्ष की सेवा एक प्रध्यापक के रूप में दिया। उसी बीच उनके कई मित्रों का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने पर लगा कि पुलिस विभाग में जाने के लिए लोक सेवा आयोग की परीक्षा दिलाई और डीएसपी के पद पर चयनित हुए और वहीं से एक नई दिशा मिली। 1998 से 1999 तक उप पुलिस अधीक्षक परिवीक्षा विधि में निदेशक, पुलिस अकादमी सागर (म.प्र.), उसके बाद सिहोर में पदस्थापना हुई। एएसपी बनकर जशपुर, उसके बाद पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर में सेवाएं दी। 2021 से 2022 तक पुलिस अधीक्षक गरियाबंद में सेवा दिया। जीवन के अंतिम समय सेनानी 22वी बटालियन भीरागांव कांकेर में सेनानी के पद पर जनवरी 2025 को आमद आया फिर इस इकाई की सभी कंपनियों का दौरा व भ्रमण किया और 31 अगस्त को अर्द्धवार्षिक आयु पर सेवानिवृत्त हुए। कार्यकाल के सात अपने अनुभव और यादों को भी शेयर किया। श्री ठाकुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सहायक सेनानी अमृत एक्का, टीआर कुर्रे सहायक सेनानी, कंपनी कमांडर बिरीछराम खांडे, सतीश पाण्डे, निलचंद कोसले, तेजराम नेताम, सब-इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिह राजपूत, सब-इंस्पेक्टर प्रदीप, सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र नाथ तिवारी, सेनानी स्टेनो संजय मंडावी एवं विमल गौतम एवं बटालियन के समस्त स्टाफ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# कांकेर में कुबोटा ट्रैक्टर एवं हार्वेस्टर शो-रूम का भव्य शुभारंभ



**कांकेर।** किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नटराज एग्रीकल्चर ने कांकेर में कुबोटा ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं धान रोपने की मशीन का सर्वसुविधायुक्त शो-रूम प्रारंभ किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री भोज राज नाग (सांसद), विशिष्ट अतिथि श्री आशा राम नेताम (विधायक) तथा विशेष अतिथि श्री नीतीश भंडारी (RSM), श्री शाहिद ख़ान एवं श्री ओपेश्वर राहेले (सर्विस विभाग) उपस्थित रहे।शुभारंभ कार्यक्रम में आए 250 से अधिक किसानों का नटराज एग्रीकल्चर ने मोती की माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर आत्मीय सम्मान किया।कंपनी ने इस अवसर पर कुबोटा का नया MU 4201 – 42 HP ट्रैक्टर लॉन्च किया और किसानों के लिए विशेष शुभारंभ ऑफर की घोषणा की। इस ऑफर के तहत इस नए मॉडल की खरीदी पर किसानों को एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल मुफ्त प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में कंपनी अधिकारियों ने किसानों को कुबोटा की आधुनिक जापानी तकनीक, ट्रैक्टर एवं हार्वेस्टर की खूबियों की जानकारी दी। किसानों ने नई तकनीक में गहरी रुचि दिखाई और कई किसानों ने मौके पर ही बुकिंग भी की।नटराज एग्रीकल्चर के डीलर पांशुल अग्रवाल एवं सलज अग्रवाल ने कुबोटा ग्राहकों को कंपनी की ओर से प्रमाण-पत्र और उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

कुबोटा शो-रूम एवं वर्कशॉप खुलने से अब कांकेर एवं आसपास के किसानों को नवीनतम कृषि उपकरणों का लाभ आसानी से उपलब्ध होगा। विशेष रूप से धान रोपने की मशीन से किसानों को आधुनिक खेती में बड़ी सुविधा होगी। इस नई सौगात से किसानों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

### सड़क सुरक्षा विषयक वाद-विवाद स्पर्धा में कोण्डे विद्यालय के बच्चों ने किया कमाल



**दुर्गुकोंदल।** जिला मुख्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में शाउमा विद्यालय कोण्डे के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय की टीम ने प्रतियोगिता में सम्मिलित 21 टीमों में छठवाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में नीतीश साहू, पंकज जैन, रोशन गोटा, महेश्वरी पूड़ो, रेखा पूड़ो, मीनाक्षी, मिताली गोटा एवं तेजस्वी ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टीम का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक राजेश कुर्रे एवं थनेन्द्र बहादुर नागवंशी द्वारा किया गया। इस उपलब्धि पर विकासखण्ड दुर्गुकोंदल बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अंजनी मंडावी, प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने बच्चों की सराहना किया।

### एनएचएम की महिला कर्मचारी बच्चों के साथ 15वें दिन हड़ताल में हुईं शामिल



**कांकेर।** एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन के 15 वें दिन महिला कर्मचारी अपने बच्चों के साथ पहुँची और धरना स्थल पर ही नवाखाई पर धूमधाम से मनाया गया। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि हमारी मांग जायज है, हमने शासन को 170 से ज्यादा ज्ञापन दिया था, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, तब जाके मजबूरी में हम हड़ताल पर गए हैं। हड़ताल करना हमारा कोई शौक नहीं है। घोषणा पत्र के अध्यक्ष दुर्ग सांसद विजय बघेल ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि कर्मचारियों का मांग जायज है, हमने घोषणा पत्र में वादा किया था, इस पर सांसद ने मंत्री से मांग के संबंध पत्र और वार्ता के लिए कहा है कि मैं स्वयं इस बारे में मुख्यमंत्री और मंत्री से चर्चा करूंगा। प्रदेश के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं किया, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी।

# यातायात जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली व मनाया ड्राइवर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





विकासखंड स्तरीय 1 सितंबर को नारायणपुर में ड्राइवर दिवस पर ड्राइवरों ने बाइक रैली निकाली । बाइक रैली नारायणपुर से निकलकर भानुप्रतापदेव चौक भानुप्रतापपुर पहुँचे। इसके बाद बस स्टैंड, रेलवे ओवरब्रिज से वापिस आकर दल्लीराजहरा रोड़ कांकेर रोड़ से वापिस नारायणपुर पहुँचे। रैली के दौरान लोगों को यातायात नियमों पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि आप समाज के सारथी है, आपके बिना कोई नहीं चल सकता है। प्राचीन समय में भी राजा महाराजा, भगवान के सारथी होते थे। प्रधानमंत्री को कार्यक्रम में जाना है और चालक नही तो नही जा पाते, आप सबकी संगठन के माध्यम से मांगों लेकर चर्चा कर चर्चा कर कैसे पूरा करने का प्रयास करे। संगठन से कोई चालक समस्या में तो उसे मदद करे, एक जुट रहकर कार्य करे और मजबूत बने। आप काम बंद करेंगे तो देश रुक जाए। मेरा अपील है सभी ड्राइवर भाई नशापान से दूर रहे। कही जाते है तो आप पूरा भरोसा रहता है, उस पर खरा उतरे। ड्राइवर संघ के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश दुग्गा ने भवन की मांग रखी, इस पर नगर पंचायत ने कहा बैठकर जगह के लिए बात करेंगे और आने वाले 1 सितंबर को पूरा हो इसका प्रयास किया जाएगा। संघ ने सभी कहा कई बार अनजाने में दुर्घटना हो तो भागे नहीं, रुककर सहयोग करना है। लोगों से से भी कहा गया ड्राइवर से कभी मारपीट न करे, कोई भी चालक जानबूझकर घटना नहीं करता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने भी कहा ड्राइवर के बिना सबकुछ अधूरा है। उनका अलग स्थान है। आप सभी ने ड्राइवर दिवस के माध्यम से यातायात नियमों को लेकर जागरूक कर रहे है, यह सराहनीय है।

इस मौके पर भीरागांव के उप सरपंच धर्मेंद्र रावटे, ड्राइवर संघ से कोमल पटेल, सुरेश कुलदीप, शरद ठाकुर, इंदल पटेल, जागेश्वर रावटे, महावीर उसेंडी, अशरफ खान, कैलाश ठाकुर, राजेश पटेल, मानुराम कोमरा सहित अन्य चालक उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
13 नवंबर, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी, 12 फरवरी 2026
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411